नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **30**

# S-96-Hindi (D & D) (Supp.)

No. of Printed Pages – **8**

# माध्यमिक (मूक–बधिर) पूरक परीक्षा, 2018

## हिन्दी

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों के क, ख, ग, घ भाग हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें ।

**खण्ड – 1**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सभी धर्म हमें एक ही ईश्वर तक पहुँचाने के साधन हैं । अलग–अलग रास्तों पर चलकर भी हम एक ही स्थान पर पहुँचते हैं । इसमें किसी को दुःख नहीं होना चाहिए । हमें सभी धर्मों के प्रति समान भाव रखना चाहिए । दूसरे धर्मों के प्रति समभाव रखने में धर्म का क्षेत्र व्यापक बनता है । हमारी धर्म के प्रति अंधता मिटती है । इससे हमारा प्रेम अधिक ज्ञानमय और पवित्र बनता है । यह बात लगभग असम्भव है कि इस पृथ्वी पर कभी भी एक धर्म रहा होगा या हो सकेगा । हमें ऐसे धर्म की आवश्यकता है जो विविध धर्मों में ऐसे तत्त्व को खोजे जो विविध धर्मों के अनुयायियों के मध्य सहनशीलता की भावना भी विकसित कर सके ।

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **1**

2. सभी धर्म हमें कहाँ पहुँचाने के साधन हैं ? **1**

3. हमें सभी धर्मों के प्रति कैसे भाव रखने चाहिए और क्यों ? **2**

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कुदरत हमको रोज सिखाती,
जगहित में कुछ करना सीखें
अपने लिए सभी जीते हैं,
औरों के हित मरना सीखें
सूरज हमें रोशनी देता,
तारे शीतलता बरसाते,
चाँद बाँटता अमृत सबको,
बादल वर्षा जल दे जाते ।
जुगनू ज्यों थोड़ा–थोड़ा ही
अंधकार हम हरना सीखें
बिन अभिमान पेड़ देते हैं
बीज फूल फल ठण्डी छाया ।

ये दधीचि बन कर हर युग में,
न्यौछावर कर देते काया,
मौसम चाहे कैसा भी हो
तरु की तरह निखरना सीखें ।

4. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **1**

5. पेड़ शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखिए । **1**

6. कुदरत हमें क्या शिक्षा देती है ? **2**

## खण्ड – 2

7. निम्न में से किसी **एक** विषय पर **300** शब्दों में एक निबंध लिखिए : **8**

(क) दीपावली

(ख) स्वतंत्रता दिवस

(ग) हमारा प्रिय खेल

(घ) स्वच्छता का महत्त्व

8. स्वयं को कोटा निवासी अविनाश मानते हुए विद्युत अभियन्ता को बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति किए जाने हेतु पत्र लिखिए । **4**

**अथवा**

आप राउमावि अलवर के छात्र यशवर्द्धन हैं, अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को बहिन की शादी में सम्मिलित होने के लिए तीन दिन का अवकाश चाहने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए ।

## खण्ड – 3

9. 'काला घोड़ा दौड़ रहा है'

इस वाक्य में क्रिया तथा विशेषण शब्द छाँटिए । **2**

10. 'विमला ने मेहँदी लगाई'

उपर्युक्त वाक्य में कारक, काल और वाच्य लिखिए । **3**

11. द्विगु समास की परिभाषा लिखते हुए उदाहरण भी दीजिए । **2**

12. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **1×2=2**

(i) पक्षी पेड़ में बैठे हैं

(ii) यह महिला विद्वान है

13. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : **1×2=2**

(i) आँख का तारा

(ii) गागर में सागर भरना

14. 'काला अक्षर भैंस बराबर'

लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । **1**

## खण्ड – 4

15. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **6**

बूझत स्याम कौन तू गौरी

कहाँ रहति काकी है बेटी, देखी नहीं कबहुँ ब्रज-खोरी ।।

काहे को हम ब्रज-तन आवतिं, खेलत रहति आपनी पोरी ।।

सुनत रहति स्रवननि नंद ढ़ोटा, करत फिरत माखन दधि चोरी ।।

तुम्हरो कहा चोरि हम लैहें, खेलन चलो संग मिली जोरी ।।

सूरदास प्रभु रसिक सिरोमनि, बातहिं भुरई राधिका भोरी ।।

**अथवा**

बरन बरन तरु फूले उपवन बन,

सोई चतुरंग संग दल लहियतु है ।

बंदी जिमि बोलत बिरद बीर कोकिल हैं,

गुंजत मधुप गान गुन गहियतु हैं ।

आवै आस-पास पुहूपन की सुबास सोई,

सोने के सुगन्ध माँझ सने रहियतु हैं ।

सोभा को समाज, सेनापति सुख-साज आज,

आवत बसंत रितुराज कहियतु है ।।

16. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **6**

अमीना का दिल कचोट रहा है, गाँव के बच्चे अपने-अपने बाप के साथ जा रहे हैं । हामिद का अमीना के सिवा और कौन है ! उसे कैसे अकेले मेले में जाने दे ? उस भीड़-भाड़ में बच्चा कहीं खो जाए तो क्या हो ! नहीं, अमीना उसे यों न जाने देगी । नन्हीं-सी जान ! तीन कोस चलेगा कैसे ! पैर में छाले पड़ जाएँगे । जूते भी तो नहीं हैं । वह थोड़ी-थोड़ी दूर पर उसे गोद ले लेगी; लेकिन यहाँ सेवैयाँ कौन पकाएगा ? पैसे होते तो लौटते-लौटते सब सामग्री जमा करके चटपट बना लेती । यहाँ तो घंटों चीजें जमा करते लगेंगे । माँगे ही का तो भरोसा ठहरा । उस दिन फहीमन के कपड़े सिले थे । आठ आने पैसे मिले थे । उस अठन्नी को ईमान की तरह बचाती चली आती थी इसी ईद के लिए ।

**अथवा**

आवाज कभी मरती नहीं जेलर साहब ! मेरी आवाज का यदि गला घोंटा गया, तो वह जनता की आवाज बन जाएगी और जनता की आवाज कभी दब नहीं सकती, कभी मर नहीं सकती । फिर शहीदों की जिन्दगी तो लुप्त गंगा की तरह होती है जेलर साहब ! जो कहीं भी, किसी भी धरातल को फोड़कर बह निकलती है । उसे कोई जंजीर, कोई जेल, कोई दीवार, कोई परकोटा बाँध नहीं सकता ।

17. गोपियाँ कृष्ण को चोर क्यों सिद्ध कर रही हैं ? विस्तारपूर्वक लिखिए । **6**

**अथवा**

बसन्त ऋतु के सौन्दर्य पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिए ।

18. हामिद ने चिमटे की उपयोगिता को सिद्ध करते हुए क्या-क्या तर्क दिए ? **6**

**अथवा**

"स्त्री शिक्षा समाज के पतन का कारण नहीं, वरन समाज के विकास की सीढ़ी है ।" इस कथन के आधार पर स्त्री शिक्षा पर अपने विचार लिखिए ।

19. "अस्वाभाविक मित्रता के दुखद परिणाम होते हैं ।" कवि कृपाराम के संकलित अंश के आधार पर स्पष्ट कीजिए । **2**

20. "मानो भीत जानि महा सीत तैं पसारि पानि"

कवि सेनापति ने उपर्युक्त पंक्तियों में किस ऋतु का वर्णन किया है ? **2**

21. परशुराम ने लक्ष्मण को स्वयं के स्वभाव के विषय में क्या कहा ? **2**

22. भारतेन्दुजी की भाषा–शैली पर प्रकाश डालिए । **2**

23. सूर्यास्त के समय कन्याकुमारी में लेखक ने क्या देखा ? **2**

24. ईर्ष्यालु लोगों से कैसे बचा जा सकता है ? **2**

25. गोपियों ने 'मधुकर' किसे कहा ? **1**

26. 'आनि कह्यो स्याम मो सों, चलौ झूलिबे को आजु'

श्याम ने किसे झूला झूलने के लिए आमंत्रित किया ? **1**

27. संसार में अपनी कीर्ति अमर रखने के लिए भारतेन्दुजी के मन में सर्वप्रथम क्या विचार आया ? **1**

28. हिन्दी साहित्य में आधुनिक युग की मीरा किसे कहा जाता है ? **1**

29. निम्नलिखित रचनाकारों का संक्षिप्त परिचय दीजिए : **2×2=4**

(i) सूरदास

(ii) महादेवी वर्मा

30. दुपहिया वाहन चलाते समय चालक को क्या-क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए ? (कोई **चार** सावधानियाँ लिखिए) **4**

---